बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2025 में परीक्षार्थियों से पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Questions) का Answer Key पर आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2025 की सभी सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में निर्धारित अंकों के 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions) परीक्षार्थियों से पूछे गए हैं, जिसमें OMR (Optical Mark Reader) आधारित उत्तर–पत्रकों (Answer-Sheets) का प्रयोग सभी विषयों में परीक्षार्थियों द्वारा किया गया है। परीक्षार्थियों के द्वारा दिये गए उत्तर के मूल्यांकन (जाँच) के लिए समिति द्वारा विषय–विशेषज्ञों की टीम से सभी विषयों के प्रश्नों का Answer Key तैयार कराया गया है, जो समिति की वेबसाईट **https://biharboardonline.com** पर उपलब्ध है।

2. समिति की वेबसाईट पर अपलोड वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के Answer Key के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों (परीक्षार्थियों सहित) को कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हो, तो वे **दिनांक 10.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे** तक समिति के उक्त वेबसाईट **https://biharboardonline.com** पर दिये गये **Link "Register objection regarding Answer Key Matric Exam 2025"** अथवा **http://objmatric.biharboardonline.com** पर जाकर अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं।

3. निर्धारित तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा आपत्ति/आपत्तियाँ किसी माध्यम से की जाती है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 66/2025

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)